अमर उजाला 13/11/2025

# गुरु तेग बहादुर के जीवन पर कराया सेमीनार

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन और शिक्षाएं विषय पर सेमीनार करवाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेकर मानवता, सत्य और साहस के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में पंजाबी विभाग की विभागाध्यक्ष राजविंद्र कौर के निर्देशन में किया गया। सेमीनार के मुख्य वक्ता डॉ. सोहिंद्र सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन बलिदान, करुणा और साहस का अप्रतिम उदाहरण है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन सच्चाई, त्याग और सहिष्णुता की जीवंत मिसाल है। संवाद